# जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक–प.2 ()जविप्रा / अ.आ / एल.पी.सी. / बैठक / 2024 / डी–  दिनांकः–

## कार्यवाही विवरण

प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 192वीं बैठक दिनांक 13.06.2024 को सायं 05:00 बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदया की अध्यक्षता में "चिंतन सभा कक्ष" में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण का विवरण परिशिष्ठ 'अ' पर संलग्न है। बैठक में विचार विमर्श पश्चात् निम्नांकित निर्णय लिये गयेः–

| क्र.सं | जोन | प्रस्ताव संख्या | विषय | निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | – | 192:1 | प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 191वीं बैठक दिनांक 15.03.2024 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि एवं लम्बित अनुपालना रिपोर्ट की समीक्षा बाबत। | भूमि एवं सम्पति निस्तारण समिति की 191वीं बैठक दिनांक 15.03.2024 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई एवं लम्बित अनुपालना की समीक्षा की गई। आयुक्त महोदय द्वारा लंबित प्रकरणों में शीघ्र पालना करने के निर्देश दिये गए। |
| 2 | 06 | 192:2 | बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज–प्रथम, स्टेज–प्रथम ग्राम माचडा तह. रामपुरा–डाबडी में स्थित लोहामण्डी योजना में उच्च जलाशय निर्माण हेतु 1500 व.मी. भूमि के निःशुल्क आवंटन बाबत्। | उपायुक्त जोन–6 द्वारा लोहा मंडी योजना के खसरा नं. 6 में स्थित सुविधा क्षेत्र की भूमि में से 1500 व.मी. तक की भूमि का पेयजल जलाशय निर्माण हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड–द्वितीय (उत्तर) को निःशुल्क आवंटन करने बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर जोन प्रस्तावनुसार 1500 व.मी. भूमि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निःशुल्क आवंटन की अभिशंषा के साथ प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया। |
| 3 | 09 | 192:3 | चिन्मय तपोवन ट्रस्ट (चिन्मय मिशन जयपुर) सभाग्रह सत्संग भवन, पुस्तकालय इत्यादि हेतु लगभग 1268.23 वर्ग गज भूमि आवंटन बाबत्। | उपायुक्त जोन–09 द्वारा चिन्मय तपोवन ट्रस्ट (मिशन जयपुर) को सभाग्रह, सत्संग भवन, पुस्तकालय इत्यादि हेतु निजी खातेदारी की अनुमोदित योजना रिद्धि–सिद्धि एनक्लेव के सुविधा क्षेत्र में से भूमि आवंटन किये जाने बाबत एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर 1000 व.मी भूमि संस्थानिक आरक्षित दर पर आवंटन किये जाने की अभिशंषा के साथ प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया |

रामकिशोर व्यास भवनए इन्दिरा सर्किलए जवाहर लाल नेहरु मार्गए जयपुर.302004
दूरभाष.‌91.0141.2570122‌ रु ईपीबीएक्स .910141.2569696 एक्सटेंशन रु 7019‌ रु फैक्स. 91.141.2574555
ई-मेल : {aclpc.jda@rajasthan.gove.in}

RajKaj Ref
8097114

Signature Not Verified
Digitally signed by Priya Balram Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.06.14 19:08:34 IST
Reason: Approved

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | गया। |
| 4 | 11 | 192:4 | ग्राम गाडोता, तहसील मौजमाबाद, जयपुर में पशु चिकित्सालय के लिए निःशुल्क भूमि आवंटन बाबत्। | उपायुक्त जोन–11 द्वारा ग्राम गाडोता, तहसील मौजमाबाद, जयपुर में पशु चिकित्सालय के लिए निःशुल्क भूमि आवंटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर जोन प्रस्तावानुसार ग्राम गाडोता तहसील मौजमाबाद, जयपुर के खसरा नं. 597 रकबा 4.26 हैक्टेयर में से 500 व.मी भूमि पशु चिकित्सालय, गाडोता हेतु निःशुल्क आवंटन की अभिशंषा के साथ प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया। |
| 5 | 13 | 192:5 | जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (जेसीटीएसएल) को मल्टी लेवल बस पार्किंग (डिपो) / कार्यशाला के निर्माण हेतु जविप्रा की अनुमोदित साईन्स टेक सिटी योजना, अचरोल के पब्लिक यूटिलिटि हेतु आरक्षित भूखण्ड संख्या–3 क्षेत्रफल 26500 वर्ग मी. भूमि का आवंटन करने बाबत्। | उपायुक्त जोन–13 द्वारा जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (जेसीटीएसएल) को मल्टी लेवल बस पार्किंग (डिपो) / कार्यशाला के निर्माण हेतु जविप्रा की अनुमोदित साईन्स टेक सिटी योजना, अचरोल के पब्लिक यूटिलिटि हेतु आरक्षित भूखण्ड संख्या–3 क्षेत्रफल 26500 वर्ग मी. भूमि का आवंटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (जेसीटीएसएल) को मल्टी लेवल बस पार्किंग (डिपो) / कार्यशाला के निर्माण हेतु जविप्रा की अनुमोदित साईन्स टेक सिटी योजना, अचरोल के पब्लिक यूटिलिटि हेतु आरक्षित भूखण्ड संख्या–3 में 10000 व.मी भूमि संस्थानिक आरक्षित दर पर आवंटन की अभिशंषा के साथ प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया। |
| 6. | 13 | 192:6 | जविप्रा की अनुमोदित योजना ट्रांसपोर्ट नगर के भूखण्ड संख्या डी–459 का क्षेत्रफल 306.00 वर्ग मी. के स्थान पर अनुमोदित मानचित्र अनुसार 408.48 वर्ग मी. अर्थात 102.48 वर्ग मी. बढ़ा हुआ होने के कारण बढ़े हुए क्षेत्रफल का आवंटन करने बाबत्। | उपायुक्त जोन–13 द्वारा जविप्रा की अनुमोदित योजना ट्रांसपोर्ट नगर के भूखण्ड संख्या डी–459 का क्षेत्रफल 306.00 वर्ग मी. के स्थान पर अनुमोदित मानचित्र अनुसार 408.48 वर्ग मी. अर्थात 102.48 वर्ग मी. बढ़ा हुआ होने के कारण बढ़े हुए क्षेत्रफल का आवंटन करने बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। प्रकरण में बढा हुआ |



RajKaj Ref 8097114

Signature Not Verified
Digitally signed by Priya Balram Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.06.14 19:08:34 IST
Reason: Approved

# जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | क्षेत्रफल 102.48 व.मी. होने के कारण प्राधिकरण की 61वीं बैठक दिनांक 24.12.2009 एजेण्डा संख्या 61:11(5) मे ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड योजना में भूखण्डों के क्षेत्रफल में अन्तर के कारण बढे हुए क्षेत्रफल की दर निर्धारण के संबंध में लिये गये निर्णय अनुसार प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाया गया। प्रकरण के संबंध में राज्य सरकार द्वारा चाही गई सूचनाऐं उपलब्ध करवाई गई। तत्पश्चात् प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत् 200 वर्गगज क्षेत्रफल तक का अधिकार प्राधिकरण को दिये जाने का हवाला देते हुए राज्य सरकार द्वारा पत्र दिनांक 28.03.2023 द्वारा भूखण्ड का स्वतंत्र उपयोग नहीं हो सकता हो और ना ही कोई अन्य आवेदक है यह सुनिश्चित करते हुए प्राधिकरण स्तर पर कार्यवाही किये जाने बाबत् निर्देशित किया गया।<br>उपायुक्त जोन द्वारा बताया गया कि बढे हुए क्षेत्रफल का स्वतंत्र उपयोग नहीं हो सकता तथा अन्य किसी ने आवेदन भी नहीं किया है। चूंकि प्रकरण में राज्य सरकार से 28.03.2023 को ही पत्र प्राप्त हो चुका है। अतः विचार–विमर्श कर आवेदक को दो विकल्प दिये जाने का निर्णय लिया गया–<br>1. आवेदक बढे हुए क्षेत्रफल 102.48 व.मी. के पेटे आरक्षित दर की दुगुनी राशि जमा करवाने हेतु सहमत होने पर बढा हुआ क्षेत्रफल आवंटित किया जावे।<br>2. यदि आवेदक राशि जमा करवाने हेतु सहमत नहीं है तब बढा हुआ क्षेत्रफल छोडते हुए आवेदक को आवंटित क्षेत्रफल के बराबर कब्जा पत्र/लीज–डीड जारी की जावे।<br>आवेदक द्वारा प्रथम विकल्प अनुसार राशि जमा कराने हेतु सहमत होने पर राज्य सरकार को वस्तुस्थिति का अंकन करते हुए दिनांक 28.03.2023 के पत्र संदर्भ में सूचनार्थ पत्र प्रेषित किया जावे। |
| 7. | 14 | 192:7 | विशेषाधिकारी, जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (जेसीटीएसएल), जयपुर द्वारा | उपायुक्त जोन–14 द्वारा जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (जेसीटीएसएल) को बसों की पार्किंग/संचालन हेतु आगार |

रामकिशोर व्यास भवनए इन्दिरा सर्किलए जवाहर लाल नेहरू मार्गए जयपुर.302004
दूरभाष.91.0141.2570122 रू ईपीबीएक्स .910141.2569696 एक्सटेंशन 7019 फैक्स. 91.141.2574555
ई-मेल : {aclpc.jda@rajasthan.gove.in}

RajKaj Ref
8097114

Signature Not Verified
Digitally signed by Priya Balram Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.06.14 19:08:34 IST
Reason: Approved

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | बसों की पार्किंग/संचालन हेतु आगार कार्यशाला/डिपो का निर्माण हेतु टोंक रोड पर शिवदासपुरा व आस–पास 20000–35000 व.मी. भूमि आवंटन चाहा गया हैं। जिसके क्रम में जविप्रा की रिंग रोड परियोजना ग्राम गोनेर तह. सांगानेर में स्थित भूखण्ड संख्या 14A/IR/9 क्षेत्रफल 28093.26 वर्ग मी. भूमि का जेसीटीएसएल कौ बसों की पार्किंग/संचालन हेतु आगार कार्यशाला/डिपो के निर्माण हेतु आवंटन बाबत्। | कार्यशाला/डिपो का निर्माण हेतु जविप्रा की रिंग रोड परियोजना ग्राम गोनेर तह. सांगानेर में स्थित भूखण्ड संख्या 14A/IR/9 क्षेत्रफल 28093.26 वर्ग मी. भूमि आवंटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br><br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (जेसीटीएसएल) को बसों की पार्किंग/संचालन हेतु आगार कार्यशाला/डिपो का निर्माण हेतु जविप्रा की रिंग रोड परियोजना ग्राम गोनेर तह. सांगानेर में स्थित भूखण्ड संख्या 14A/IR/9 वर्ग में 10000 व.मी भूमि संस्थानिक आरक्षित दर पर आवंटन की अभिशंषा के साथ प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया। |

अध्यक्ष महोदया की अनुमति से निम्नांकित अतिरिक्त एजेण्ड़ा पर विचार–विमर्श कर निम्नानुसार निर्णय लिये गये।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 192:8 | ग्राम माचड़ा, तहसील रामपुरा–डाबड़ी में स्थित लोहामंडी योजना के खसरा नं. 15 में स्थित सुविधा क्षेत्र की भूमि में से 1678.23 व.पी तक की भूमि का 33/11 के.वी. विद्युत सब–स्टेशन निर्माण हेतु आवंटन बाबत्। | उपायुक्त जोन–6 द्वारा ग्राम माचड़ा, तहसील रामपुराडाबड़ी में स्थित लोहामंडी योजना के खसरा नं. 15 में स्थित सुविधा क्षेत्र की भूमि में से 1678.23 व.मी तक की भूमि का 33/11 के.वी. विद्युत सब–स्टेशन निर्माण हेतु आवंटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर 1678.23 व.मी भूमि संस्थानिक आरक्षित दर पर आवंटन की अभिशंषा के साथ प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया। |
| 9. | 06 | 192:9 | जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परियोजना खंड–द्वितीय (उत्तर), जयपुर को बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज–प्रथम/द्वितीय पवनपुरी ग्राम चरणनदी, तहसील जयपुर, में खसरा नं. 80 में उच्च जलाशय निर्माण हेतु 1000 व.मी भूमि के निःशुल्क आवंटन बाबत्। | उपायुक्त जोन–6 द्वारा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परियोजना खंड–द्वितीय (उत्तर), जयपुर को बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज–प्रथम/द्वितीय पवनपुरी ग्राम चरणनदी, तहसील जयपुर, में खसरा नं. 80 में उच्च जलाशय निर्माण हेतु 1000 व.मी भूमि के निःशुल्क आवंटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर जोन प्रस्तावानुसार 1000 व.मी भूमि निःशुल्क आवंटन का निर्णय लिया गया। |




RajKaj Ref 8097114

Signature Not Verified
Digitally signed by Priya Balram Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.06.14 19:08:34 IST
Reason: Approved

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | 6 | 192:10 | जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. को 33/11 के.वी सब–स्टेशन हेतु ग्राम चरणनदी तहसील जयपुर में खसरा नं. 80 कुल रकबा 0.3541 किस्म बारानी में से क्षेत्रफल 855.23 व.मी भूमि के आवंटन बाबत। | उपायुक्त जोन–6 द्वारा जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. को 33/11 के.वी सब–स्टेशन हेतु ग्राम चरणनदी तहसील जयपुर में खसरा नं. 80 कुल रकबा 0.3541 किस्म बारानी में से क्षेत्रफल 855.23 व.मी भूमि के आवंटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर ग्राम चरणनदी तहसील जयपुर में खसरा नं. 80 कुल रकबा 0.3541 किस्म बारानी में से क्षेत्रफल 855.23 व.मी भूमि संस्थानिक आरक्षित दर पर आवंटन की अभिशंषा के साथ प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया। |
| 11. | 7 | 192:11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परियोजना खंड–द्वितीय (उत्तर), जयपुर को ग्राम हरनाथपुरा में अशोक विहार योजना के पास उच्च जलाशय निर्माण हेतु खसरा नं. 103 में 1000 व.मी. भूमि नि:शुल्क आवंटन बाबत्। | उपायुक्त जोन–7 द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परियोजना खंड–द्वितीय (उत्तर), जयपुर को ग्राम हरनाथपुरा में अशोक विहार योजना के पास उच्च जलाशय निर्माण हेतु खसरा नं. 103 में 1000 व.मी भूखण्ड के लिए नि:शुल्क आवंटन बाबत् एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर जोन प्रस्तावानुसार 1000 व.मी भूमि नि:शुल्क आवंटन का निर्णय लिया गया। |
| 12 | 11 | 192:12 | ग्राम खटवाडा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नं. 1104 क्षेत्रफल 9.68 हैक्ट. में से 10000 वर्गमीटर भूमि जेटीसीएसएल को मल्टीलेवल बस पार्किंग (डिपो) आगार कार्यशाला हेतु भूमि आवंटन बाबत्। | ग्राम खटवाडा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नं. 1104 क्षेत्रफल 9.68 हैक्ट. में से 10000 वर्गमीटर भूमि जेटीसीएसएल को मल्टीलेवल बस पार्किंग (डिपो) आगार कार्यशाला हेतु भूमि आवंटन बाबत्।<br>समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श कर जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (जेसीटीएसएल) को मल्टीलेवल बस पार्किंग (डिपो) आगार कार्यशाला का निर्माण हेतु ग्राम खटवाडा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नं. 1104 क्षेत्रफल 9.68 हैक्ट. में से 10000 वर्गमीटर भूमि संस्थानिक आरक्षित दर पर आवंटन की अभिशंषा के साथ प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया। |
| 13 | 12 | 192:13 | राजस्व ग्राम रोजदा में जविप्रा द्वारा सृजित आवासीय मूर्तिकला विहार में स्थित शेष सुविधा क्षेत्रफल 3100 व.मी. में से | उपायुक्त जोन–12 द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा पर समिति द्वारा विचार–विमर्श किया गया। प्रकरण में भूमि आवंटन हेतु प्रार्थना पत्र सक्षम प्राधिकारी के स्थान पर समाजसेवी द्वारा आवंटन हेतु प्रपत्र |



RajKaj Ref 8097114


Signature Not Verified
Digitally signed by Priya Balram Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.06.14 19:08:34 IST
Reason: Approved

# जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 2000 व.मी. भूमि नवीन सहायक अभियन्ता विधुत स्टोर स्थापित करने हेतु निःशुल्क आवंटन बाबत्। | व स्वघोषणा पत्र की फोटोप्रति लगाकर प्रस्तुत किया है। भूमि आवंटन हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र व दस्तावेज के साथ आवेदन करने पर ही भूमि आवंटन के प्रस्ताव एलपीसी शाखा के माध्यम से स्वीकार कर अग्रिम कार्यवाही की जावे। इस संबंध में उचित आदेश जारी किया जावे। |
| 14 | — | 192:14 | कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर क्षेत्र–द्वितीय, जयपुर के पत्र दिनांक 07.06.2024 प्रेषित कर दस स्थानों पर उच्च जलाशयों के निर्माण हेतु भूमि आवंटन चाहने बाबत्। | प्रस्तुत पत्र पर समिति द्वारा विचार–विमर्श किया गया। पत्र में उल्लेखित स्थानों में से तीन स्थानों के लिए जोन–6 एवं 7 से भूमि आवंटन के प्रस्ताव पर इस बैठक में निर्णय लिया गया है। उपायुक्त जोन 8 एवं 12 द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित स्थान पर भूमि उपलब्ध नहीं है। उपायुक्त जोन–11 ने बताया कि पीएचईडी अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से भूमि चिन्हीकरण की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही जोन उपायुक्तगण द्वारा बताया गया कि पत्र के संलग्न निर्धारित प्रपत्र एवं स्व–घोषणा पत्र प्राप्त नहीं है।<br>समिति द्वारा विचार–विमर्श कर निर्णय लिया गया कि संबंधित विभाग को पत्र लिखकर आवश्यक दस्तावेज मंगवाते हुए जोन 8 एवं 12 हेतु वैकल्पिक भूमि के प्रस्ताव मंगवाये जावे। |

सदस्य सचिव एवं
अतिरिक्त आयुक्त (एलपीसी)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. विशिष्ठ सहायक, मा0 मंत्री, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, जयपुर विकास आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
4. सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

रामकिशोर व्यास भवनए इन्दिरा सर्किलए जवाहर लाल नेहरू मार्गए जयपुर.302004
दूरभाषःह01.0141.2570122इ रू ईपीबीएक्स .910141.2569696 एक्सटेंशनः 57019इरू फैक्सः 91.141.2574555
ई-मेल : {aclpc.jda@rajasthan.gove.in}

RajKaj Ref
8097114

Signature Not Verified
Digitally signed by Priya Balram Sharma
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.06.14 19:08:34 IST
Reason: Approved

5. निदेशक (वित्त / अभियांत्रिकी–I, II / नगर–आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
6. अतिरिक्त आयुक्त (पूर्व / पश्चिम / एल.पी.सी. / भूमि / प्रशासन), जविप्रा, जयपुर।
7. संयुक्त आयुक्त (सिस्टम मैनेजमेंट / संसाधन विकास एवं समन्वय), जविप्रा, जयपुर।
8. विशेषाधिकारी (आर. एण्ड एम.), जविप्रा, जयपुर।
9. अतिरिक्त निदेशक (राजस्व एवं सम्पति निस्तारण), जविप्रा, जयपुर।
10. उपायुक्त जोन–1 से 14, पृथ्वीराज नगर (उत्तर–प्रथम व द्वितीय) (दक्षिण–प्रथम व द्वितीय)।
11. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा को कार्यवाही विवरण स्केन कर जविप्रा वेबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
12. जन सम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।
13. रक्षित पत्रावली।

सदस्य सचिव एवं
अतिरिक्त आयुक्त (एलपीसी)

रामकिशोर व्यास भवनए इन्दिरा सर्किलए जवाहर लाल नेहरु मार्गए जयपुर.302004
दूरभाष.䷀91.0141.2570122䷁ रू ईपीबीएक्स .910141.2569696 एक्सटेंशन रू ䷀7019䷁रू फैक्स. 91.141.2574555
ई-मेल : {aclpc.jda@rajasthan.gove.in }

RajKaj Ref
8097114

Signature Not Verified
Digitally signed by Priya Balram Sharma
Designation : Additional Commissione
Date: 2024.06.14 19:08:34 IST
Reason: Approved